पंजाब केसरी 09/08/2025

# बिजनेस बनाम पर्यावरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता में श्रेया रही प्रथम



प्रतियोगिता में सम्मानित होते विजेता। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 8 अगस्त (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी में बीबीए विभाग द्वारा एपेक्स (एस.डी.जी.) चैंपियन-2025 एवं एस.डी.जी. सैल के अंतर्गत शुक्रवार को बिजनेस बनाम पर्यावरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यापारिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके संवाद एवं नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करना था।

इस प्रतियोगिता में बी.बी.ए. के कुल 60 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विजेताओं में प्रथम पुरस्कार श्रेया बी.सी.ए.-ए.आई., द्वितीय पुरस्कार उत्कर्ष बी.बी.ए.-जनरल, तृतीय पुरस्कार करण बी.सी.ए.-ए.आई. ने प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिया और सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। गतिविधि संयोजक डॉ. रवनीत कौर ने सार्वजनिक भाषण कला के महत्व पर जोर दिया, जो विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और संवाद कौशल को निखारने में सहायक है। एपेक्स कन्वेनर डॉ. अमिता ने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन गतिविधि सह-संयोजक डा. भारती विज द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।